# राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

## वाहन चालक (Chauffeur/Driver) के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2025

**अभ्यर्थियों हेतु निर्देश:**

1. अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित होने हेतु इस न्यायालय की आधिकारिक वेबसाईट से डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र (Admit Card) का प्रिंट आउट अपने साथ लाएंगे। अभ्यर्थी, जिनके पास प्रवेश पत्र नहीं होगा, उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
2. प्रवेश पत्र के अतिरिक्त, प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने साथ निम्नांकित दस्तावेज/वस्तुएं लाना अनिवार्य होगा :–
   - **a.** उपस्थिति पत्रक (Attendance Sheet) पर चिपकाने हेतु अपनी हाल ही की खींची हुई 2.5x2.5 cm की रंगीन फोटो ।
   - **b.** अपनी पहचान हेतु आवेदन पत्र में अपलोड किया गया असल ड्राईविंग लाईसेन्स एवं उसकी छाया प्रति ।
   - **c.** प्रश्न का उत्तर देने एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में अंकित गोले भरने के लिए **काला/नीला बॉल प्वाईन्ट पैन।**
3. अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने ड्राईविंग लाईसेन्स की छाया प्रति पर अपने हस्ताक्षर कर रोल नम्बर अंकित करें।
4. अभ्यर्थी अपने साथ **पानी की पारदर्शी बोतल** ला सकेंगे।
5. अभ्यर्थी को मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेजर अथवा अन्य किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक/संचार उपकरण, व्हाईटनर, स्लाईड रूल, ज्यॉमितीय बॉक्स, बटुआ, थैला, हथियार या अन्य धारदार वस्तु आदि को परीक्षा केन्द्र के परिसर के भीतर लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभ्यर्थी ऐसी किसी वस्तु को अपने साथ न लाएं क्योंकि परीक्षा केन्द्र पर इन्हें सुरक्षित रखने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। इन वस्तुओं के किसी भी नुकसान या क्षति के लिए राजस्थान उच्च न्यायालय / केन्द्र अधीक्षक जिम्मेदार नहीं होगा।
6. **अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे सुरक्षा सम्बन्धी जांच हेतु परीक्षा तिथि को प्रातः 08:00 बजे परीक्षा केन्द्र पहुंचे, 09:00 बजे के बाद आने वाले परीक्षार्थियों को केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।**
7. **प्रत्येक अभ्यर्थी अपने परीक्षा केन्द्र की सीट पर अंकित रोल नम्बर को अपने प्रवेश पत्र से सत्यापित (verify) कर, उसके लिए निर्धारित सीट पर ही बैठे।**
8. परीक्षा के दौरान चार (4) तरह की घण्टी (bell) बजायी जाएगी:–

   **A. Distribution Bell** – परीक्षा प्रारंभ होने के 5 मिनट पूर्व

   **B. Commencement Bell** – परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय पर

   **C. Warning Bell** – परीक्षा की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व

**D. Conclusion Bell –** परीक्षा की समाप्ति के लिए निर्धारित समय पर

9. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक एवं प्रश्न पत्रक को परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 5 मिनट पूर्व अर्थात् डिस्ट्रीब्यूशन बैल पर वितरित किया जायेगा एवं अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे **सर्वप्रथम यह सुनिश्चित कर लें कि उन्होंने जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक मय प्रश्न पत्र पुस्तिका प्राप्त की है उस पर स्वयं अभ्यर्थी के ही रोल नम्बर अंकित हों।**
10. **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक एवं प्रश्न पत्र पुस्तिका को ठीक से जांच लेवें एवं कटे–फटे होने कि स्थिति में वीक्षक (Invigilator) को तत्काल सूचित करें।**
11. अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने **ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के निर्दिष्ट स्थान पर रोल नम्बर** की जानकारी को ठीक से भरा हो।
12. **अपूर्ण एवं गलत रोल नम्बर भरने वाले एवं गलत स्थान पर बैठने वाले अभ्यर्थियों को मूल्यांकन की प्रक्रिया से बाहर किया जा सकता है।**
13. अभ्यर्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में अपनी यथार्थता/प्रामाणिकता (genuineness) के **प्रमाण–पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा।**
14. अभ्यर्थियों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी अन्य भाग पर अपना नाम एवं रोल नम्बर न लिखें और अपनी पहचान बताने के लिए कोई संकेत या लघुहस्ताक्षर या निशान या शब्द न लिखें।
15. परीक्षा प्रारंभ होने के पांच मिनट पूर्व घण्टी (Distribution Bell) बजने पर प्रश्न पत्र मय OMR बुकलेट वितरित की जाएंगी।
16. परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय पर घण्टी (Commencement Bell) बजने के पश्चात् ही परीक्षार्थी द्वारा प्रश्न पत्र हल करना प्रारम्भ जाएगा।
17. अभ्यर्थियों को प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए, गोले को काला करने के लिए सही विधि, *जैसे कि गोले को पूरी तरह काला किया जाना चाहिए,* अपनाते हुए ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के सिर्फ एक गोले को भरना है। व्हाईटनर का उपयोग निषिद्ध है।
18. **निम्नलिखित स्थितियों में प्रश्न के उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगाः–**
    a. यदि अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक गोले को भरा जाता है या
    b. यदि अभ्यर्थी द्वारा गोले को गलत विधि से भरा जाता है या
    c. यदि अभ्यर्थी द्वारा पहले से भरे गए गोले को मिटाने हेतु व्हाईटनर का प्रयोग किया जाता है।
19. लेखन सामग्री, स्टेन्सिल्स आदि का आदान–प्रदान पूर्णतः निषिद्ध है।
20. **परीक्षा केन्द्र के परिवर्तन के अनुरोध पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।**
21. अभ्यर्थी को उसकी प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की कार्बन प्रति अपने साथ ले जाने की अनुमति दी जाएगी। यदि कोई अभ्यर्थी निर्धारित समय से पूर्व परीक्षा हॉल को छोड़ने की इच्छा रखता है तो उसे परीक्षा समाप्ति हेतु नियत समय से, 30 मिनट पूर्व ही ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी, **लेकिन उसे अपनी प्रश्न पत्र पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की कार्बन प्रति अपने साथ ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

22. परीक्षा की समाप्ति से 10 मिनट पहले एक warning bell बजायी जाएगी। तत्पश्चात् परीक्षा की समाप्ति के लिए नियत समय पर conclusion bell बजायी जायेगी जिस पर अभ्यर्थियों को लिखना बन्द कर वीक्षक को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक सौंपने हेतु तत्पर रहना होगा। जब तक कि सभी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक वीक्षक द्वारा एकत्रित नहीं कर ली जाती हैं तब तक अभ्यर्थी अपनी सीट नहीं छोड़ सकेंगे।
23. परीक्षा समाप्त होने पर वीक्षक द्वारा निर्देशित नहीं किये जाने तक अभ्यर्थी अपनी सीट से न उठें।
24. अभ्यर्थी जो नोडल अधिकारियों/केन्द्राधीक्षक/वीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देशों की अवज्ञा करता है या जो असभ्य या अवज्ञाकारी व्यवहार का दोषी पाया जाता है, वह परीक्षा कक्ष/हॉल से तुरन्त निष्कासित किये जाने हेतु उत्तरदायी होगा।
25. इन निर्देशों का उल्लंघन करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा से विवर्जित कर दिया जाएगा एवं दण्ड कार्यवाही के अधीन भी रखा जा सकता है।
26. परीक्षा में बैठने हेतु अभ्यर्थियों के लिए कोई यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता स्वीकार्य नहीं होगा।
27. ड्रेस कोडः–
    a. पुरूष उम्मीदवारों को शर्ट, पतलून और स्लीपर
    b. महिला उम्मीदवारों को सलवार सूट/साडी, टॉप/ब्लाउज, स्लीपर
    c. अभ्यर्थी जूते, सैंडल, मोजे, काले चश्मे, बेल्ट, हेयर पिन, गंडा/ताबीज, स्कार्फ, टोपी, कोट टाई, ब्लेजर आदि नहीं पहनेंगे एवं अपने साथ किसी प्रकार का पर्स/ हेंड बैग नहीं ला सकेंगे।
    d. अभ्यर्थी को बड़े आकार के बटन, किसी प्रकार का ब्रोच, बैज, फूल पहनने की अनुमति नहीं है।
    e. ड्रेस कोड को लेकर किसी भी प्रकार के विवाद के मामले में परीक्षा केन्द्र पर नोडल अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।
    f. केवल उपरोक्त ड्रेस कोड वाले अभ्यर्थियों को ही परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

*********************